प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1945बजे /

''मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समीप शोघी में 11 करोड़ रूपए की लागत से बने विज्ञान अध्ययन व सृजन केन्द्र का किया लोकार्पण।
- राज्य सरकार ने समग्र शिक्षा के तहत नियुक्त विशेष शिक्षकों के मानदेय में की बढ़ोत्तरी।
- जीएसटी परिषद ने शराब के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले ईएनए को जीएसटी से छूट देने का लिया फैसला।

और

- नादौन विकासखंड की हड़ेटा व मशोबरा विकासखंड की कमयाणा हिलटॉप में 16 करोड़ रूपए से अधिक की ईको–टूरिज़म परियोजनाएं होगीं विकसित।

अब समाचार विस्तार से..........

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में देश का अव्वल राज्य बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण बदलाव लागू कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। वे आज शिमला ज़िले के शोघी में 11 करोड़ रुपये की लागत से बने विज्ञान अध्ययन व सृजन केन्द्र का लोकार्पण करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित विज्ञान अध्ययन व सृजन केन्द्र विज्ञान शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति लाने के साथ–साथ विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि केन्द्र में एक आधुनिक तारामंडल का संचालन वर्ष 2024 के अंत तक पूरा हो जाएगा जो खगोलीय शिक्षा को प्रोत्साहित करने में मददगार साहिब होगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र की आधिकारिक वेबसाइट भी जारी की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में इस केंद्र को खोलने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र युवाओं की वैज्ञानिक प्रतिभा को पोषित करने और विज्ञान के प्रति उनकी जिज्ञासा को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एसएमसी

प्रदेश सरकार ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत नियुक्त विशेष शिक्षकों एसएमसी व आउटसोर्स की लम्बित मांग को पूरा करते हुए उनके मानदेय में बढ़ोतरी की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रारंभिक स्तर पर नियुक्त विशेष शिक्षकों के मानदेय को 8 हजार 9 सौ 10 रुपये से बढ़ाकर 14 हजार 95 रुपये और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विशेष शिक्षकों का मानदेय 14 हजार 5 सौ रुपये से बढ़ा कर 17 हजार 9 सौ 36 रुपये किया गया है। इन विशेष शिक्षकों को यह लाभ इस वर्ष पहली अक्तूबर से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसएमसी के अन्तर्गत नियुक्त विशेष शिक्षकों को चिकित्सा अवकाश का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के अन्तर्गत कार्यरत वोकेशनल ट्रेनर्ज का वेतन बढ़ाकर 22 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

हर्षवर्धन

वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश का प्रतिनिधित्व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने किया। बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए गए जिसके परिणामस्वरूप व्यवसायों के अनुपालन बोझ को कम किया जाएगा। जीएसटी परिषद ने शराब के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल को जीएसटी से छूट देने का फैसला किया। शराब के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले ईएनए पर वर्तमान में 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बैठक में भाग लेते हुए जीएसटी परिषद से औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले ईएनए पर जीएसटी में छूट देने की मांग की। उन्होंने कहा कि ईएनए पर जीएसटी से छूट देने से राजस्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े बिना अनुपालन सरल हो जाएगा, क्योंकि ईएनए एक मध्यवर्ती उत्पाद है। इस दौरान हिमाचल के दल ने जीएसटी राजस्व बढ़ाने के संबंध में अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को समझने के लिए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के साथ संवाद किया।

जगत सिंह

राजस्व बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के पूह विकासखंड की रिब्बा पंचायत में 40 लाख रूपए की लागत से बने स्वर्ग नारायण मंदिर का आज उदघाटन किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रिब्बा–कंडा सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को नकदी फसलें मंडी तक पहुंचाने में समय और लागत की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि रिब्बा पंचायत घर को एक आदर्श पंचायत घर बनाया जा रहा है जो पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण बन कर उभरेगा। उन्होंने बताया कि आपदा से जिन भेड़ पालकों की भेड़ों को नुकसान हुआ है उनके लिए सरकार द्वारा मुआवजा राशि को बढ़ाकर 6 हजार रूपए, जबकि डंगों के नुकसान की मुआवजा राशि को बढ़ाकर एक लाख रूपए किया गया है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नादौन विकास खंड की हड़ेटा पंचायत और मशोबरा विकास खंड में कमयाणा हिल टॉप के लिए स्वीकृत 16 करोड़ 67 लाख रुपये की इको–टूरिज़्म परियोजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू करने के ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को स्वीकृत करवाने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाए हैं और इनके पूर्ण होने से स्थानीय युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन इको–टूरिज़्म परियोजनाओं के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकरण और वन्य जीव व वनस्पति जीव के संरक्षण के लिए प्रयुक्त प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटकों की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्यटन संबंधी आधारभूत ढांचे के विस्तार व इको टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

रोहित ठाकुर

दो दिवसीय प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ठियोग में आज समंपन हुई। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस खेल प्रतियोगिता में 14 टीमों के एक सौ 59 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस समय एक सौ 34 महाविद्यालय सुचारू रूप से चल रहे है और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता इन महाविद्यालयों में सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की छैला–नेरी–ओछघाट सोलन सड़क के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है

विनोद ठाकुर

एशियाई खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन पर हमीरपुर जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयासो से ये संभव हो पाया है। हमीरपुर से जारी एक प्रैस बयान में उन्होंने कहा है कि देश के खिलाड़ी हर खेल क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योकि केन्द्र सरकार उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। विनोद ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री जहां खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते है वहीं अनुराग ठाकुर उन्हें प्रोत्साहित करने के अलावा उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे है।

परीक्षा

प्रदेश उच्च न्यायालय में स्टेनोग्राफर के पदों के लिए स्टेनोग्राफी परीक्षा 17 अक्तूबर को सुबह 11 बजे शिमला के पंथाघाटी स्थित डिजिटल विजन ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ड्राइवर के पदों के लिए छंटनी परीक्षा 5 नवबंर को सुबह 11 बजे प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और जिला न्यायालय परिसर चक्कर में होगी। उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर एसएमएस व ईमेल के माध्यम से सूचित कर दिया गया है।

चुनावी पाठशाला

चुनावों में आम लोगों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के कई स्थानों पर चुनावी पाठशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज हमीरपुर जिले की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में मतदान जागरूकता से संबंधित चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने चुनाव से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर जनमानस को चुनाव में सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप ने छात्रों को चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी का अर्थ प्रेरणात्मक तरीके से समझाया।

कार्यशाला

चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आज रबी फसलों पर राज्य स्तरीय कृषि अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. डी.के.वत्स ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक का समय पर उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, ड्रोन प्रौद्योगिकी, फसल विविधीकरण पर काम कर रहा है। कुलपति ने राज्य में  कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय की आवश्यकता पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के संविधिक अधिकारियों, वैज्ञानिकों, उप–निदेशकों, कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों और करीब एक दर्जन प्रगतिशील किसानों ने कार्यशाला में भाग लिया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के समीप शोघी में 11 करोड़ रूपए की लागत से बने विज्ञान अध्ययन व सृजन केन्द्र का किया लोकार्पण।
- राज्य सरकार ने समग्र शिक्षा के तहत नियुक्त विशेष शिक्षकों के मानदेय में की बढ़ोत्तरी।
- जीएसटी परिषद ने शराब के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले ईएनए को जीएसटी से छूट देने का लिया फैसला।

और

- नादौन विकासखंड की हड़ेटा व मशोबरा विकासखंड की कमयाणा हिलटॉप में 16 करोड़ रूपए से अधिक की ईको–टूरिज़म परियोजनाएं होगीं विकसित।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।

....................................................